# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) जयपुर

## कार्यालय –आदेश

राज्य सरकार स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग राजस्थान सरकार जयपुर आदेश क्रमांक ———— प 9(2)शिक्षा–5/06 दिनांक 18.03.2011 व 21.04.2011 एवं निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर के आदेश क्रमांक शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/सी/19626/11–12 दिनांक 18.03.2011व 25.04.2011 के अनुपालना में निम्न विद्यालयों को ( हिन्दी माध्यम/अंग्रेजी माध्यम ) प्राथमिक विद्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने हेतु प्राप्त आवेदन –पत्र प्रस्तुत कर राज्य सरकार द्वारा वर्णित क्र.सं. 1 से 5 तक में निर्देष्ठि शर्तों व पालना करने बाबत् प्रस्तुत शपथ–पत्र (अण्डर टेकिंग) एवं समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर संस्था का आवेदन पत्र निम्न शर्तों के आधार पर स्वीकार किया जाता है:–

1- राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था के नियम –1993 के परिशिष्ट–2 में यथा निर्देशित निबन्धनों तथा शर्तों की पूर्ति करने बाबत प्रस्तुत शपथ–पत्र के अनुसार सभी शर्तें पूर्ति करती है।

2- संस्था द्वारा राज्य सरकार/आयुक्त,प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा एवं जिला एवं ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समय–2 उनके द्वारा मांगी जाने वाली प्रत्येक सूचना समय पर प्रेषित की जावें।

3- संस्था के विद्यार्थी किसी अन्य गैर सरकारी संस्था अथवा सरकारी विद्यालय में प्रवेश पा सकेंगे, किन्तु संस्था द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा अथवा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समान परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

4- संस्था को प्राथमिक स्तर से उच्च प्राथमिक स्तर में सत्र 2011–12 से क्रमोन्नत की जावेगी, क्रमोन्नत प्रथम सत्र में कक्षा–6 में , सत्र 2012–13 में कक्षा–7 में, एवं सत्र 2013–14 में कक्षा–8 प्रारम्भ की जावेगी।

5- कक्षानुसार शत प्रतिशत प्रशिक्षित अध्यापक मानदण्डानुसार किये जावेगें।

6- भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रति वर्ष सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जावेगा।

7- दिनांक 30 सितम्बर के आधार पर प्रत्येक वर्ष नामांकन एवं वित्तिय वर्ष की समाप्ति पर आय–व्यय विवरण स्थानीय कार्यालय की संबंधित शाखा में प्रस्तुत करेगें।

8- कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार वेतन भत्तों आदि की सुविधा दी जावें।

9- शिक्षा से वंचित परिक्षेत्र के बच्चों को आपकी शाला से अनिवार्य रूप से जोडकर सूची इस कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेगें।

10- शपथ पत्र वर्णित तथ्यों की असत्यता पाई जाने पर उक्त जारी प्रमाण–पत्र/आदेश निरस्त किया जा सकेगा और संस्था के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

11- माननीय न्यायालय के पूर्वानुमति के शिक्षा सत्र 2011–12 में शुल्क वृद्धि नहीं करेगी, जो पूर्व में लिया जा रहा था, वही शुल्क लिया जावेगा। यदि कोई शुल्क बढ़ा कर लिया जावेगा, जो माननीय न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध होगा। उक्त आदेशों की पालना में किसी भी प्रकार का शिथिलता बरती जाने की स्थिति में इसे गंभीरता से लिया जावेगा।

12- अग्निशमन संयंत्रों की स्थापना कर कार्यालय को आवश्यक रूप से अवगत करावें।

13- शिक्षा अधिकार नियम 2010 के प्रावधानुसार छात्रों को प्रवेश देना अनिवार्य होगा।

14- विधालय भवन में मोबाइल टॉवर नहीं होने तथा परिसर में हाईटेंशन लाईन नहीं गुजरने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रति वर्ष प्रस्तुत किया जावें।

15- बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत धारा 19 व 25 विधालय के लिए मान और मानक की पालना एक वर्ष मे कर अवगत कराना होगा अन्यथा मान्यता स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी।

16- राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों की पालना हेतु संस्था बाध्य होगी।

| क.स. | संस्था का नाम व पता | मान्यता स्तर |
|---|---|---|
| 1 | ब्रिलियन्ट इण्टरनेशनल स्कूल, राजनोता, कोटपूतली, जयपुर | अंग्रेजी |
| 2 | अवर सैक्यूलर स्कूल, 125 ड्रीम हाउस, जयसिंहपुरा खोर,, जयपुर | हिन्दी |
| 3 | दुष्यन्त आदर्श विद्या मंदिर, छापुडा खुर्द, विराटनगर, जयपुर | हिन्दी |
| 4 | न्यू ब्राईट इण्टरनेशनल स्कूल, देवलिया तहसील सांगानेर, जयपुर | अंग्रेजी |
| 5 | जी एस पब्लिक स्कूल, ढाणी जाटावाली, फौज्यावाली रोड, लक्ष्मीनगर,, कोटपूतली, जयपुर | हिन्दी |
| 6 | तक्षशिला विद्या भारती, पुलिस थाने के पीछे, कोटपूतली, जयपुर | हिन्दी |
| 7 | राघव वर्ल्ड स्कूल, राघव पथ, चौमूं बाईपास, गोविन्दगढ, जयपुर | अंग्रेजी |
| 8 | जानकी विद्यापीठ इंग्लिश एकेडमी, ग्राम हस्तेडा पेट्रोल पम्प के पास, गोविन्दगढ, जयपुर | अंग्रेजी |
| 9 | साफिया इंग्लिश एकेडमी, गोविन्दगढ, रघुनाथ जी के मंदिर के पीछे, चौमूं, जयपुर | अंग्रेजी |
| 10 | जे डी गर्ल्स इण्टरनेशल स्कूल, महापुरा, अजमेर रोड, जयपुर | हिन्दी |
| 11 | परमहंस गुरू बिहारी दास उप्रावि सांईवाड, शाहपुरा, जय पुर | हिन्दी |
| 12 | के आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, भामोद, तहसील विराटनगर, जयपुर | हिन्दी |
| 13 | डी सी एस इण्टरनेशनल स्कूल, रघुनाथपुरा, रातल्या, डिग्गी रोड, सांगानेर, जयपुर | हिन्दी |
| 14 | रेनबो इण्टरनेशनल स्कूल, 124/318 अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर | अंग्रेजी |
| 15 | वशिष्ठ इण्टरनेशनल स्कूल, 25 मार्ग नं. 13, कैलाश नगर, झोटवाडा, जयपुर | अंग्रेजी |
| 16 | जय भवानी पब्लिक स्कूल, शिकारपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर | हिन्दी |
| 17 | मार्डन फ्यूचर स्कूल, जगदम्बा नगर, अजमेर रोड, जयपुर | अंग्रेजी |
| 18 | पेटल्स इण्टरनेशनल स्कूल, जामडोली सुमेल रोड पुरानी चौकी आगरा रोड, जयपुर | अंग्रेजी |
| 19 | ओएसिस पब्लिक स्कूल, एन एच 11, चौमूं गोविन्दगढ, जयपुर | अंग्रेजी |
| 20 | द रघुवंशी स्कूल, लक्ष्मण विहार, अमाई रोड, कोटपूतली, जयपुर | अंग्रेजी |
| 21 | युगान्तर इण्टरनेशनल स्कूल, राजीव विहार रजत पथ, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर | अंग्रेजी |
| 22 | जयपुर ग्रीन चिल्ड्रन एकेडमी, जयसिंहपुरा वाया भांकरोटा, जयपुर | हिन्दी |
| 23 | एस एन पब्लिक स्कूल, पुरोहितों का मोहल्ला, गोविन्दगढ, जयपुर | अंग्रेजी |
| 24 | एस डी एम स्कूल, आनन्द विहार ए दादी का फाटक, बैनाड रोड, जयपुर | हिन्दी |
| 25 | सरस्वती पब्लिक स्कूल, भूरनोदा, तहसील गोविन्दगढ, जयपुर | हिन्दी |

MANAGER
Yugantar International School
JAIPUR

Secretary
Yugantar International School
JAIPUR

PRINCIPAL
Yugantar International School
JAIPUR